हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 313 देहरादून शुक्रवार 06 फरवरी 2026 मूल्य :रू 2 पृष्ठ : 8

## सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत पात्रता परीक्षण, सत्यापन एवं भुगतान प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ और त्वरित करें : सीएम धामी



देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए हैं कि सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत पात्रता परीक्षण, सत्यापन एवं भुगतान प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक निर्बाध रूप से पहुँचता रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में समाज कल्याण विभाग की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत माह जनवरी 2026 की पेंशन किस्त का वन-क्लिक के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में भुगतान किया। यह पहल राज्य सरकार की तकनीक आधारित, पारदर्शी और संवेदनशील शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करती है तथा सामाजिक सुरक्षा के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार समाज के कमजोर, वृद्ध, दिव्यांग, विधवा, किसान, निराश्रित एवं जरूरतमंद वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी और तकनीक आधारित प्रणाली के माध्यम से प्राप्त हो, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (क्ठज्) एवं वन-क्लिक भुगतान प्रणाली से न केवल भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है, बल्कि लाभार्थियों को बिना किसी कार्यालयी प्रक्रिया के सीधे उनके बैंक खातों में सहायता राशि प्राप्त हो रही है। इससे शासन और आम नागरिक के बीच विश्वास भी सुदृढ़ हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत जनवरी 2026 माह में राज्य के 9,47,345 पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ प्रदान किया गया। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न पेंशन एवं सहायता योजनाओं के माध्यम से कुल घ 1 अरब 41 करोड़ 66 लाख 51 हजार की धनराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की गई, जिसमें नियमित पेंशन के साथ-साथ एरियर भुगतान भी सम्मिलित है। इस अवधि में वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत सर्वाधिक लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई, वहीं विधवा, दिव्यांग, किसान, परित्यक्ता, भरण-पोषण अनुदान, तीलू रौतेली एवं बौना पेंशन योजनाओं के माध्यम से भी हजारों पात्र नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा का संबल मिला। यह व्यापक कवरेज राज्य सरकार की समावेशी और संवेदनशील नीति को दर्शाती है।मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में पेंशन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम यह है कि 01 दिसम्बर 2025 से 03 फरवरी 2026 की अवधि में 15,784 नए लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं

**-मुख्यमंत्री धामी ने वन-क्लिक प्रणाली से 9.47 लाख से अधिक लाभार्थियों को पेंशन भुगतान किया**
**-जनवरी 2026 में घ141. 66 करोड़ की पेंशन राशि क्ठज् के माध्यम से खातों में हस्तांतरित**
**-सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पारदर्शिता और तकनीक आधारित शासन का सशक्त उदाहरण**
**-दो माह में 15,784 नए लाभार्थी पेंशन योजनाओं से जुड़े**
**-गुड गवर्नेंस मॉडल से अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है**

से जोड़ा गया। साथ ही, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मृतक लाभार्थियों का समयबद्ध सत्यापन करते हुए 1,523 अपात्र नामों को पोर्टल से हटाया गया, जिससे योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक और पात्र व्यक्तियों तक ही सीमित रह सके। राज्य सरकार द्वारा अपनाई गई डिजिटल पेंशन पोर्टल प्रणाली, स्वत: आयु-पात्रता पहचान और नियमित मॉनिटरिंग के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। अप्रैल 2024 से जनवरी 2026 की अवधि में 60 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही 428 पात्र नागरिकों को स्वत: वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति दी गई।

### सनातन प्रीमियर लीग के लिए दून में दो दिन ट्रायल

देहरादून संवाददाता. क्रिकेट, संस्कृति और जीवन मूल्यों के अनूठे संयोजन के साथ सनातन प्रीमियर लीग(एसपीएल) का पहला सीजन 12 से 15 मार्च को इंदौर में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों का निशुल्क ट्रायल शुक्रवार ओर शनिवार को दून स्थित अभिमन्यू क्रिकेट अकादमी में होगा। एसपीएल के संस्थापक विजय शर्मा, सह-संस्थापक देव जोशी और आनंद मिश्रा ने बताया कि लीग का आयोजन सनातन क्रिकेट क्लब कर रहा है। लीग का उद्देश्य ऐसे युवाओं तक पहुंचना है।

## राजभवन कूच में सहसपुर से तीन हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल : आर्येंद्र शर्मा

विकासनगर संवाददाता. कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष आर्येंद्र शर्मा ने नंदा की चौकी स्थित एक होटल में सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिसमें कांग्रेस के आगामी 16 फरवरी को राजभवन कूच को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। शर्मा ने कहा कि तीन हजार से अधिक कार्यकर्ता कूच में सहसपुर विधानसभा से भाग लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है और सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें केवल अपनी कुर्सी बचाने की चिंता है, जबकि बेरोजगार, किसान और महिलाएं परेशान हैं। उन्होंने महिला सुरक्षा पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में दिनदहाड़े महिलाओं के साथ गंभीर घटनाएं हो रही हैं। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री दिल्ली में अपने आकाओं को खुश करने में व्यस्त हैं, जबकि राज्य की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्यपाल ने भी स्थिति पर आंखें मूंद रखी हैं। कांग्रेस का राजभवन कूच राज्यपाल को वास्तविक हालात से अवगत कराने और सरकार को आईना दिखाने का काम करेगा। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित पंवार ने किया।



## संक्षिप्त समाचार...

### सीएम धामी नेजगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से शिष्टाचार भेंट की

हरिद्वार संवाददाता.मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के कनखल स्थित आश्रम पहुंचकर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी उपस्थित रहे.

### स्कूल पहुंचे प्रमुख सचिव, बच्चों से पूछे गणित के सवाल

देहरादून संवाददाता.सरकारी स्कूलों में शिक्षा व मूलभूत सुविधाओं की स्थिति जानने के लिए प्रमुख सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम ने गुरुवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय केशरवाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा में बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक समझ का आकलन किया और विद्यालय की समग्र व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रमुख सचिव ने बच्चों से गणित के प्रश्न पूछे और उनकी पढ़ाई की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य यह देखना था कि विद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषय सही ढंग से पढ़ाए जा रहे हैं या नहीं। निरीक्षण में विद्यालय के शौचालय स्वच्छ पाए गए तथा बच्चों को पौष्टिक मध्याह्न भोजन दिया जा रहा था।

### 12 फरवरी को हड़ताल पर रहेंगी आशाएं

देहरादून संवाददाता. उत्तराखंड आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री यूनियन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का बिगुल फूंक दिया है। यूनियन ने इस संबंध में महानिदेशक (स्वास्थ्य) को सूचना दे दी है। गुरुवार को यूनियन की प्रांतीय अध्यक्ष शिवा दुबे की ओर से पांच सूत्री ज्ञापन भेजा गया।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# सम्पादकीय

## राष्ट्र निर्माण के प्रति कर्तव्य: वह बजट जो भारत के भविष्य को आकार देगा

वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया केंद्रीय बजट 2026-27, सिफ  एक सालाना वित्तीय बयान से कहीं ज्यादा है; यह एक विकसित भारत बनाने का ब्लूप्रिंट है। माघ पूर्णिमा के पवित्र अवसर और गुरु रविदास जी की जयंती पर पेश किया गया यह बजट एक गहरे नैतिक और राष्ट्रीय उद्देश्य को दर्शाता है। ऐतिहासिक 53.5 लाख करोड़ के कुल खर्च और लगभग 27 लाख करोड़ के पूंजीगत खर्च के साथ, यह बजट राजकोषीय समझदारी बनाए रखते हुए भारत की विकास गाथा में विश्वास का संकेत देता है, जिसमें घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 4.3त्न पर सीमित है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह युवा भारतीयों की आकांक्षाओं को दर्शाता है, जिनके विचार प्रधानमंत्री के विकसित भारत युवा नेता संवाद के दौरान साझा किए गए थे और उन्हें राष्ट्रीय नीति निर्माण में जगह मिली है। यह विकास सिफ  दफ्ष्तरों में नहीं, बल्कि नागरिकों के साथ बातचीत के जरिए आकार दिया गया है। 3 कर्तव्यों से प्रेरित और हमारे युवाओं की आकांक्षाओं से निर्देशित, यह बजट विकास और समावेश, महत्वाकांक्षा और करुणा के बीच संतुलन बनाता है। पहला कर्तव्य आर्थिक विकास को तेज करने और बनाए रखने पर केंद्रित है, जो एक विकसित अर्थव्यवस्था की नींव रखेगा। 10,000 करोड़ का बायोफार्मा मिशन, सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, और महत्वपूर्ण खनिजों, केमिकल मैन्युफैक्चरिंग, कंटेनर उत्पादन और मेगा टेक्सटाइल पार्क को मजबूत करने के उपाय घरेलू उद्योग को बढ़ावा देंगे और आयात पर निर्भरता कम करेंगे। ये दूरदर्शी क्षेत्र भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में मजबूती से स्थापित करते हैं।इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का इंजन को एक बड़ा बढ़ावा मिला है, जिसमें फ्रेट कॉरिडोर, जलमार्ग और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में 12.2 लाख करोड़ का प्रावधान है। शहरी आर्थिक क्षेत्र, हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर और म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोत्साहन शहरों को उत्पादकता के केंद्र बनाएंगे, लॉजिस्टिक्स लागत कम करेंगे, निवेश आकर्षित करेंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करेंगे।दूसरा कर्तव्य लोगों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देता है। हेल्थकेयर संस्थानों में निवेश, संबद्ध स्वास्थ्य कार्यबल का विस्तार, और बुजुर्गों की देखभाल सेवाएं सामाजिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करती हैं। यूनिवर्सिटी टाउनशिप और हर जिले में महिलाओं के हॉस्टल जैसी शिक्षा पहल पहुंच और सुरक्षा में सुधार करती हैं, जबकि पर्यटन, विरासत विकास और खेलो इंडिया मिशन युवाओं के लिए नए अवसर खोलते हैं।तीसरा कर्तव्य, सबका साथ, सबका विकास के मार्गदर्शन में, समावेशी विकास सुनिश्चित करता है। किसानों को मत्स्य पालन, पशुध न और उच्च मूल्य वाली कृषि के साथ-साथ जल निकायों के विकास के माध्यम से सहायता मिलती है। मानसिक स्वास्थ्य देखभाल में निवेश और पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए केंद्रित पहल संतुलित क्षेत्रीय प्रगति को बढ़ावा देती हैं। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि भारत की विकास यात्रा में कोई भी समुदाय या क्षेत्र पीछे न छूटे।छत्तीसगढ़ के लिए यह बजट अवसरों का एक नया अध्याय खोलता है। भारत को ग्लोबल बायोफार्मा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए प्रस्तावित ?10,000 करोड़ के निवेश से राज्य को फायदा होगा, जिससे राज्य में निवेश, रिसर्च और हाई-क्वालिटी नौकरियों के अवसर आएंगे। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2. 0 में शामिल होने से छत्तीसगढ़ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरने में मदद मिलेगी। प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित करके, राज्य ओडिशा के साथ मिलकर रेयर मेटल कॉरिडोर से रणनीतिक और औद्योगिक रूप से भी लाभ उठा सकता है।टेक्सटाइल सेक्टर में पहल - जिसमें नेशनल फाइबर मिशन, टेक्सटाइल विस्तार और रोजगार योजना, और मेगा टेक्सटाइल पार्क शामिल हैं - छत्तीसगढ़ के पारंपरिक शिल्प, हथकरघा, खादी और आधुनिक टेक्सटाइल उद्योगों को नई गति देंगे। महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी और स्थानीय कारीगरों की आय बढ़ाएगी। एमएसएमई के लिए बजटीय सहायता यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य में छोटे और मध्यम उद्यमों को अधिकतम लाभ मिले, जिससे स्वरोजगार और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन और स्टोरेज के लिए 20,000 करोड़ का प्रावधान छत्तीसगढ़ को अपने समृद्ध वन संसाधनों को कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग के जरिए आर्थिक लाभ में बदलने का अवसर देता है। शिक्षा के क्षेत्र में, राज्य में कम से कम एक यूनिवर्सिटी टाउनशिप की स्थापना और हर जिले में एक महिला छात्रावास उच्च शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समावेश को मजबूत करेगा। हर जिले में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना, बुजुर्गों की देखभाल सेवाओं का विस्तार, और राज्य में एक अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने के प्रयासों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में 'संत सम्मेलन' में किया प्रतिभाग

**-सनातन संस्कृति और राष्ट्र चेतना के प्रतीक थे सत्यमित्रानंद गिरी महाराज : सीएम**

**-उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी व दंगारोधी कानून लागू : सीएम**

हरिद्वार(आरएनएस)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार स्थित सप्तऋषि आश्रम मैदान (भारत माता मंदिर के समीप, सप्त सरोवर मार्ग) में आयोजित 'संत सम्मेलन' में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सनातन चेतना के जीवंत



प्रतीक आप सभी संत-महात्मा, धर्मगुरु एवं श्रद्धालुजन, माँ गंगा के पावन तट पर स्थित सप्तऋषि क्षेत्र में एकत्र होकर राष्ट्र और संस्कृति के लिए अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन महापुरुषों ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रधर्म, सेवा, त्याग और करुणा के लिए समर्पित किया, वे केवल संन्यासी नहीं बल्कि राष्ट्र चेतना से जुड़े दिव्य संत थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्यमित्रानंद गिरी महाराजने आध्यात्मिक ज्ञान को सामाजिक सेवा से जोड़ते हुए ऐसा जीवन दर्शन प्रस्तुत किया, जिससे अनगिनत लोगों को सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली। उन्होंने भारत माता मंदिर की स्थापना कर सनातन संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का कार्य किया, जो आज भी श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का केन्द्र बना हुआ है। वर्ष 1998 के कुंभ मेले में उन्हें आचार्य महामंडलेश्वर बनाया गया, जिसके बाद अब तक 10 लाख से अधिक नागा साधुओं को दीक्षा प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्यमित्रानंद गिरी महाराज की मूर्ति स्थापना नई पीढ़ी के लिए आध्यात्मिक जागरण का माध्यम बनेगी। संत परंपरा किसी एक पंथ या संप्रदाय तक सीमित न होकर वसुधैव कुटुंबकम के भाव से सम्पूर्ण विश्व को जोड़ने का कार्य करती है। सनातन धर्म मानव निर्मित नहीं, बल्कि शाश्वत सिद्धांतों पर आधारित है, जो समय के साथ चलता है और कभी पराजित नहीं होता। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने धर्मांतरण विरोधी कानून, सख्त दंगारोधी कानून, तथा लैंड जिहाद, लव जिहाद और थूक जिहाद जैसी जिहादी मानसिकताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू कर सभी नागरिकों के लिए समान कानून की स्थापना की गई है। युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 28 हजार से अधिक युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सांस्कृतिक उत्थान का नया युग प्रारंभ हुआ है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण तथा बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान जैसे कार्य भारत को पुन: विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हरिद्वार में गंगा तट पर स्थित भारत माता मंदिर देश की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 2027 के कुंभ मेले की तैयारियाँ की जा रही हैं और महाराज जी का जीवन निरंतर सद्कर्म और साधना से प्रेरित रहा। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि भारत में बीते वर्षों में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है और आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने कहा कि जल, थल और वायु मार्गों का तीव्र विकास हुआ है तथा युवा शक्ति देश को विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर कर रही है। संत समाज भारतीय संस्कृति को सुदृढ़ करने और देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहा है। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि संतों का सान्निध्य जीवन के दुखों का समाधान है। भारत की पहचान सनातन संस्कृति से है। शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार मठ देश की आध्यात्मिक एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा एक है, उसकी अभिव्यक्ति विभिन्न आस्थाओं के माध्यम से होती है। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम महाराज, योग गुरु बाबा रामदेव, सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ट्रंप का भविष्य ट्रंप

ट्रंप की नीतियों ने विभिन्न देशों को नए साथी और नए अवसर ढूंढने के लिए मजबूर किया है। जब अमेरिका ने अपने साथ सम्मानजनक ढंग से कारोबार के रास्ते बंद कर दिए हैं, तो लाजिमी है, देश नए विकल्प की तलाश करेंगे।भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति बनने की खबर आते ही अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने ईयू को आगाह कि वह अपने खिलाफ युद्ध के लिए धन मुहैया कराने जा रहा है। कहा कि भारत रूस से कच्चा तेल खरीद कर उसे व्यापारिक सहारा देता है। यूरोप रूस के हमले की आशंका से पीड़ित है, लेकिन अब वह भारत को लाभ पहुंचाने जा रहा है। इसके पहले कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने चीन से व्यापार समझौता किया, तो अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप भड़क गए।अपने चिर-परिचित अंदाज में कार्नी के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने कनाडा पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। मगर अब कार्नी ने मार्च में भारत आने का इरादा जता दिया है। इसी बीच ट्रंप दक्षिण कोरिया पर भी खफा हो गए हैं और उस पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग ने इस महीने के पहले हफ्ते में चीन की यात्रा की थी। उनके बाद स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय पार्लेलिन भी चीन गए और अब अगले मंगलवार को ब्रिटिश प्रधानमंत्री कियर स्टार्मर बीजिंग पहुंच रहे हैं। इस यात्रा से ठीक पहले ब्रिटिश सरकार ने लंदन में चीन के प्रस्तावित भव्य दूतावास के निर्माण को हरी झंडी दे दी, जिसे कई साल से रोक रखा गया था।उपरोक्त तमाम घटनाओं में एक समान तत्व की तलाश की जा सकती है। खुद ट्रंप प्रशासन की नीतियों ने विभिन्न देशों को नए साथी ढूंढने और नए अवसर तलाशने के लिए मजबूर किया है। जब अमेरिका ने अपने साथ सम्मानजनक ढंग से कारोबार के रास्ते बंद कर दिए हैं, तो लाजिमी है, विभिन्न देश नए विकल्प की तलाश करेंगे। लेकिन ऐसी हर घटना से ट्रंप की महत्त्वाकांक्षा पर आघात पहुंचता है। उससे व्यग्र होकर ट्रंप उग्र प्रतिक्रिया जताते हैं। लेकिन उससे वे विपरीत संदेश दुनिया को दे रहे हैं। हर विवेकशील देश इससे सोचने को मजबूर हो रहा है कि जब हर डील ट्रंप का भविष्य ट्रंप के मूड से जुड़ा है, तो आखिर उसके लिए कितनी हांव-पांव मारी जाए?

हिन्दी दैनिक जोखिम

संक्षिप्त समाचार...

## सात को शिक्षानगरी में चलेगा सफाई को लेकर महा अभियान

रुड़की संवाददाता. शहर में शनिवार को विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की सबसे खास बात यह है कि यह केवल सरकारी प्रयास तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें जन-भागीदारी को मुख्य आधार बनाया गया है। प्रशासन का मानना है कि शहर की सूरत तभी बदलेगी जब अधिकारी और आम नागरिक कंधे से कंधा मिलाकर जमीन पर उतरेंगे। इस अभियान में पांच हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इसमें नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, छात्र और स्थानीय नागरिक हिस्सा लेंगे। इसके अलावा कैंट बोर्ड, आईआईटी, विभिन्न संगठनों, क्लबों के सदस्य भी शामिल होंगे।

## ट्रस्ट की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

रुड़की संवाददाता. सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित एक चर्च से जुड़े लखनऊ डायोसिसन ट्रस्ट एसोसिएशन के सचिव रोबीनसन जॉन ने एचआरडीए को पत्र भेजकर ट्रस्ट की संपत्ति पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया है। आरोप है कि भूमि पर बिना नक्शा पास कराए और नियमों को ताक पर रखकर पक्का निर्माण कराया जा रहा है। यहां तक कि यहां एक पूर्व विधायक के कैंप कार्यालय का बोर्ड भी लगा दिया गया है।

## विधायक ने सड़क का शिलान्यास किया

रुड़की संवाददाता. विधायक हाजी फुरकान अहमद ने गुरुवार को रांघड़वाला में राज्य योजना के तहत बनने वाली 400 मीटर लंबी सड़क का शिलान्यास किया। कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय का भी दौरा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जयवीर, विनीत, सुभाष, राजवीर, समय सिंह, रणवीर, गोवर्धन, अशोक, मुस्तफा, कवरपाल, गामा, नफीस, बिट्टू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## चाइनीज मांझे की चपेट में आने से किशोरी घायल

रुड़की संवाददाता. बाजार से घर लौट रही एक किशोरी गुरुवार को चाइनीज मांझे की चपेट में आने से घायल हो गई। स्कूटी में उलझे मांझे को छुड़ाते समय किशोरी की ऊंगली कट गई। साथ ही कान भी जख्मी हो गए। आसपास के लोगों ने पीड़िता को अस्पताल में मरहम पट्टी करवाकर उसे घर भेजा। माजरा गांव निवासी युवती स्कूटी से सवार होकर किसी काम से बाजार आई थी। दोपहर करीब दो बजे वह बाजार से घर लौट रही थी। इसी दौरान सोलानी नदी पुल के पास एक पतंग कटकर हाईवे के पास गिर गई। किशोरी को दूर से ही सड़क से गुजर रहा मांझा दिख गया। ऐसे में उसने स्कूटी की रफ्तार करने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान किशोरी चाइनीज मांझे की चपेट में आ गई।

## बाजार गई युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

रुड़की संवाददाता. क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने अपनी 20 वर्षीय पुत्री के लापता होने की तहरीर थाने में दी है। बताया कि युवती किसी काम से भगवानपुर गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तलाश की, पर कोई सुराग नहीं मिला। युवती के न मिलने से परिवार चिंतित है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक प्रदीप चौहान ने बताया कि युवती की तलाश की जा रही है।

## पारिवारिक अवसाद के चलते युवक ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

रुड़की संवाददाता.मुंडाखेड़ा खुर्द गांव में प्रधान संगठन के उपाध्यक्ष के छोटे भाई ने पारिवारिक कलह के चलते खुद को गोली मार ली। उसका शव उसके कमरे में पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके से तमंचा भी बरामद किया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकपाल परमार नें बताया किगुरुवार तड़के जानकारी मिली कि मुंडाखेड़ा खुर्द गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

## वन्यजीव सुरक्षा को लेकर गोष्ठी का आयोजन

विकासनगर संवाददाता. कोटी अनुभाग के अंतर्गत गुरुवार को वन्यजीव सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित जानकारी देने के उद्देश्य से एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में ग्राम पंचायत कोटी, सिमोग, लेल्टा, डाण्डा, जडाना सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान वन दरोगा अर्चना शर्मा और बीट अधिकारी खेमचंद ने ग्रामीणों को वन्यजीवों की सुरक्षा, जंगलों में आग से होने वाले नुकसान तथा उससे बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर संतराम चौहान, प्रवेश चौहान, रघुवीर चौहान, अख्तर सिंह शर्मा मौजूद रहे।

# विधि विश्वविद्यालय की भूमि से छेड़छाड़ शिक्षा विरोधी और जनहित के खिलाफ : कांग्रेस

**कांग्रेस द्वारा ऋषिकेश उपजिलाधिकारी के नाम तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया**



डोईवाला संवाददाता। डोईवाला क्षेत्र के रानीपोखरी न्याय पंचायत में विधि विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु पूर्व में आवंटित भूमि को किसी अन्य उद्देश्य से देने के प्रयासों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। डोईवाला ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में इस मुद्दे को लेकर ऋषिकेश उपजिलाधिकारी के नाम तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। परवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा विधि विश्वविद्यालय के निर्माण हेतु भूमि आवंटित की गई थी। यह निर्णय क्षेत्र के युवाओं और उच्च शिक्षा के भविष्य से जुड़ा था। आज उसी भूमि को किसी और को देने की तैयारी भाजपा सरकार की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करती है। कांग्रेस इसे जनता के साथ विश्वासघात मानती है और इसका पुरजोर विरोध करेगी। पूर्व में इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया गया था। डोईवाला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र स्वरूप भट्ट ने कहा की विधि विश्वविद्यालय डोईवाला क्षेत्र के छात्रों के लिए शिक्षा का बड़ा केंद्र बन सकता था, लेकिन सरकार की उदासीनता और गलत नीतियों के कारण इस महत्वपूर्ण परियोजना को खतरे में डाला जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोईवाला ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट कर दिया है कि यदि 15 दिनों के भीतर भूमि आवंटन से जुड़ी प्रक्रिया को निरस्त नहीं किया गया, तो कांग्रेस जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद कपरवान ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा भाजपा सरकार लगातार शिक्षा, युवाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों की अनदेखी कर रही है। विधि विश्वविद्यालय की भूमि को किसी और को देना प्रदेश के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी और जरूरत पड़ी तो व्यापक आंदोलन करेगी। सरकार को तत्काल इस निर्णय पर पुनर्विचार करना होगा। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से मांग की विधि विश्वविद्यालय हेतु पूर्व में की गई भूमि आवंटन प्रक्रिया को यथावत रखा जाए और जल्द विश्वविद्यालय का कार्य शुरू किया जाए।किसी भी प्रकार का अन्य आवंटन तत्काल प्रभाव से रोका जाए।जनभावनाओं के अनुरूप शीघ्र स्पष्ट निर्णय लिया जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जनहित से जुड़े इस विषय पर जल्द निर्णय नहीं लिया, तो इसके लिए राज्य सरकार और प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होंगे। ज्ञापन देने वालों में परवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, डोईवाला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र स्वरूप भट्ट,कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद कपरवान शास्त्री, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष एसपी बहुगुणा,रानीपोखरी मंडलम अध्यक्ष मोहित कपरवान आदि मौजूद रहे।

## देहरादून एयरपोर्ट के आसपास निर्माण कार्य हेतु से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से एनओसी अनिवार्य - निदेशक विमानपत्तन देहरादून एयरपोर्ट

डोईवाला संवाददाता। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण देहरादून एयरपोर्ट निदेशक बीसीएच नेगी ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों में एयरोड्रोम सेफगार्डिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ आवासीय एवं व्यावसायिक निर्माण कार्य भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना किए जा रहे हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण आम जनता, बिल्डरों, डेवलपर्स एवं स्थानीय निवासियों को सूचित करता है कि एयरपोर्ट के आसपास निर्धारित सेफगार्डिंग एवं ऊंचाई प्रतिबंधित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से एनओसी प्राप्त करना अनिवार्य है। इन क्षेत्रों में बिना अनुमति किए गए निर्माण विमान संचालन एवं यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। एयरक्राफ्ट एक्ट, 1934, अनुच्छेद 9 ए के अनुसार एयरपोर्ट के 20 किलोमीटर की परिधि के भीतर ऊंचाई प्रतिबंधित क्षेत्रों में निर्माण से पूर्व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से अनुमति लेना अनिवार्य है।

### राज्य आंदोलनकारी राजेन टोडरिया को दी श्रद्धांजलि

देहरादून संवाददाता. पत्रकार एवं राज्य आंदोलनकारी राजेन टोडरिया की 13 वीं पुण्यतिथि पर कचहरी स्थित शहीद स्थल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गुरुवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मूल निवास भू-कानून संघर्ष समिति, पहाड़ स्वाभिमान सेना, पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति, जय संविधान संगठन एवं नेताजी संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए स्व. राजेन टोडरिया को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए याद किया।

## भाजपा नेत्री रीता क्षेत्री सहित कई महिलाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

डोईवाला संवाददाता। भाजपा नेत्री रीता क्षेत्री ने गुरुवार को कई महिलाओं के साथ परवादून जिला कांग्रेस कार्यालय डोईवाला में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में महिलाओं को न तो सम्मान मिल रहा है और न ही सुरक्षा। महिलाओं के शोषण, लगातार बढ़ती महंगाई, महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती हिंसक घटनाएं तथा अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसे मामलों ने भाजपा का महिला विरोधी चेहरा उजागर किया है। इन्हीं कारणों से हताश होकर उन्होंने कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ने का निर्णय लिया। रीता क्षेत्री ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस के नेतृत्व में ही महिलाओं का सशक्तिकरण संभव है। परवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा शासन में महिलाओं के साथ अन्याय, शोषण और अत्याचार चरम पर है। सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है। अंकिता भंडारी हत्याकांड आज भी न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है, जो भाजपा सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिलाओं की आवाज को मजबूती से उठाती रही है और आगे भी महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी। रीता क्षेत्री सहित सभी महिलाओं का कांग्रेस परिवार में स्वागत है। कार्यक्रम में परवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद कपरूवान शास्त्री, कांग्रेस प्रदेश सचिव सागर मनवाल, पूर्व ग्राम प्रधान राजेश गुरुंग, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष देवराज सावन, राहुल सैनी, सुशील सैनी, राजेन्द्र सेमवाल सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# पांच वर्षों से अधूरा है धनोल्टी में मल्टी स्टोरी कार पार्किंग का निर्माण कार्य

– डीएम ने शीघ्र पार्किंग का कार्य शुरू न करने पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के दिए निर्देश

नई टिहरी संवाददाता. पर्यटन नगरी धनोल्टी में मल्टी स्टोरी कार पार्किंग का निर्माण कार्य पांच वर्षों से अधर में लटका हुआ है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर डीएम ने लोनिवि थत्यूड़ के अधिकारियों को शीघ्र पार्किंग का कार्य शुरू न करने पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए हैं। टिहरी जिले की धनोल्टी पर्यटन नगरी के रूप में प्रसिद्ध है। धनोल्टी में वाहन पार्किंग की सुविधा न होने के कारण पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को वाहनों को पार्क करने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। वर्ष 2018 में धनोल्टी में डॉ॰ श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूरल अर्बन कलस्टर योजना के तहत करीब 4: 50 करोड़ से बनने वाली घ्दो मंजिला कार पार्किंग की स्वीकृति मिली थी। लोक निर्माण विभाग थत्यूड़ ने कार पार्किंग के टेंडर जारी कर ठेकेदार पार्किंग तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी । पांच वर्ष बीत जाने के बाद कार पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया। निर्माण कार्य लगा ने ठेकेदार पार्किंग का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया, जिससे पार्किंग का कार्य अधर में लटक गया। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य तपेंद्र बेलवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष धनोल्टी रघुवीर चंद रमोला, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष यशपाल बेलवाल आदि ने बताया कि पर्यटन नगरी धनोल्टी में पूरे वर्ष भर पर्यटकों की आवाजाही लगी रहती है। यात्रा और गर्मियों के सीजन, बर्फबारी में भारी संख्या में पर्यटक धनोल्टी घूमने के लिए आते हैं, लेकिन पार्किंग की सुविधा के अभाव में वह अपने वाहनों को जहां जगह मिलती है, वहीं पर खड़ा कर देते हैं, जिससे बाजार में जाम की स्थिति भी बन जाती है। बताया व्यापार मंडल और स्थानीय लोगों के संघर्ष के बाद धनोल्टी में 60 छोटे वाहनों की दो मंजिला पार्किंग की स्वीकृत हुई थी।उम्मीद थी, कि जल्द पार्किंग का निर्माण पूरा हो जाएगा। और धनोल्टी आने वाले पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। लेकिन पार्किंग का अधूरा लटका पड़ा है। गत मंगलवार को धनोल्टी तहसील दिवस में स्थानीय लोगों ने डीएम से आधा-अधूरी पार्किंग की शिकायत दर्ज करते हुए पार्किंग के कार्य को पूरा करने की गुहार लगाई। ठेकेदार को पार्किंग कार्य पूरा करने के संबंध विभाग की ओर से पूर्व में नोटिस भेजे गए थे। जिलाधिकारी ने 28 फरवरी तक पार्किंग कार्य दोबारा शुरू न करने पर ठेकेदार का बॉड निरस्त कर उसे ब्लैक लिस्ट घोषित करने के निर्देश दिए हैं। ठेकेदार को इस संबंध में सूचना की गई है। ठेकेदार तय समय पर कार्य शुरू नहीं करता है, तो डीएम के निर्देशों का पालन कर दिया जाएगा। –राजेंद्र टम्टा, अधिशासी अभियंता लोनिवि थत्यूड़।

## यूकेडी ने रैली निकाल गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने की मांग की

चमोली संवाददाता. उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) ने बृहस्पतिवार को देवाल बाजार में रैली निकाली और गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने रैली के माध्यम से लोगों से यूकेडी को मजबूत करने की अपील की। रैली में खेता, बलाण, मानमती, घेस, सुयालकोट घाटी व पिंडर के कई गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। लोगों ने जय पहाड़, जय पहाड़ी... के नारे भी लगाए। इसके बाद ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन करते हुए हेम चंद्र मिश्रा को अध्यक्ष चुना गया। यूकेडी के केंद्रीय महामंत्री चंद्र मोहन गड़िया के नेतृत्व में आयोजित रैली में कार्यकर्ताओं ने गैरसैंण को प्रदेश की स्थायी राजधानी बनाने की मांग की। यूकेडी के केंद्रीय महामंत्री चंद्र मोहन गड़िया ने कहा कि प्रदेश के लोगों का अब भाजपा और कांग्रेस पार्टी से मोह भंग हो गया है। ऐसे में अब लोग यूकेडी पर अपना भरोसा जता रहे हैं। हर दिन लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। निश्चित ही 2027 के चुनावों में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन करते हुए हेम चंद्र मिश्रा को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर वीर सिंह पंवार, पूजा मिश्रा, हीरा सिंह फर्रस्वाण, देवेंद्र उनियाल, भरत सिंह राणा, सुरेंद्र टम्टा, भगवान सिंह बिष्ट, पंकज मिश्रा, भवान सिंह आदि शामिल रहे।

### 10 से क्रमिक अनशन की दी चेतावनी

पौड़ी संवाददाता. ब्लॉक की ग्राम पंचायत पाब अकरी में न्याय पंचायत सेमी सेमला के जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का समाधान न किए जाने पर जनप्रतिनिधियों ने 10 फरवरी से पाब अकरी में क्रमिक अनशन शुरू करने की चेतावनी दी। इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आमरण अनशन किया जाएगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य महिपाल सिंह बुटोला की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनप्रतिनिधियों और अन्य लोगों ने न्यूली पेयजल योजना का पुनर्गठन न करने, अकरी बारजूला पंपिंग पेयजल योजना से पर्याप्त पेयजल आपूर्ति न होने, सेल से मठूगांव मार्ग का निर्माण न किए जाने समेत कई समस्याओं पर आक्रोश जताया।

### गैरसैंण अस्पताल में विशेषज्ञ मिले तो होने लगा उपचार

चमोली संवाददाता. गैरसैंण अस्पताल की सेहत में सुधार होने लगा है। विभाग ने यहां चार विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात कर दिए हैं। इनमें महिला रोग विशेषज्ञ ने बीते सप्ताह की कार्यभार लिया है। ऐसे में अब लोगों को अस्पताल में उपचार मिलने की उम्मीद बंध गई है। ग्रीष्मकालीन राजधानी के अस्पताल गैरसैंण में सुविधाओं के लिए लोग आंदोलित थे। बीते वर्ष लोगों ने कई बार यहां प्रदर्शन किया। इसके बाद यहां बाल रोग विशेषज्ञ और हड्डी रोग विशेषज्ञ की तैनाती हुई। बीते माह ही अस्पताल में महिला रोग और निश्चेतक की तैनाती कर दी गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में ग्रामीणों को उपचार के लिए 50 किमी दूर कर्णप्रयाग और 70 किमी से अधिक दूर रानीखेत जाना पड़ता था। सीएमओ डॉ. अभिषेक गुप्ता ने बताया कि गैरसैंण में हाल ही में शासन ने महिला रोग विशेषज्ञ की तैनाती की थी।

## सीवरेज सिस्टम से जुड़ेंगे नई टिहरी शहर के छूटे पांच हिस्से

**– 74 करोड़ की लागत से होगा शहर का सीवरेज सिस्टमठीक**

नई नई टिहरी संवाददाता. नगर के छूटे पांच हिस्सों को सीवरेज सिस्टम से जोड़ने की कवायद जल्द शुरू होने की उम्मीद है। करीब 74 करोड़ की लागत से शहर का सीवरेज सिस्टम ठीक किया जाएगा। जिला मुख्यालय के एम ब्लॉक, ढुंगीधार, केमसारी, मुस्लिम मोहल्ला, के ब्लॉक अब तक सीवरेज सिस्टम से वंचित हैं। यहां पर रहने वाले लोग लंबे समय इन हिस्सों को सीवरेज सिस्टम से जोड़ने की मांग करते आ रहे हैं। धन के अभाव के कारण यह स्थान सीवरेज सिस्टम से जुड़ने से वंचित रह गए थे। सरकार ने नई टिहरी, भागीरथी पुरम, कोटी कॉलोनी और टिहरी झील के विकास के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) सहायता प्राप्त टिहरी झील विकास परियोजना से नई टिहरी शहर के छूटे हिस्सों को सीवरेज सिस्टम जोड़ने के लिए पर्यटन विभाग को करीब 74 करोड़ की धनराशि उपलब्ध करवाई है जिससे शहर के छूटे सभी पांचों हिस्सों को जोड़ने के लिए करीब 10 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन बिछेगी। साथ ही भागीरथी पुरम में पांच एमएलडी का नया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का नवनिर्माण किया जाएगा।वर्ष 2005 में टीएचडीसी ने शहर का निर्माण कार्य पूरा करने के बाद प्रशासन और नगर पालिका को शहर हैंडओवर कर दिया था। पांचों क्षेत्रों सीवरेज सिस्टम से जुड़ने के बाद के स्थानीय लोगों की परेशानी दूर होने के साथ जल संस्थान और नगर पालिका को भी राहत मिलेगी।नई टिहरी शहर में सीवरेज सिस्टम से वंचित पांच पॉकेटों को सीवरेज सिस्टम से जोड़ने के लिए एडीबी से पर्यटन विभाग को धन प्राप्त हो गया है।

## जौनपुर के रेंज कार्यालय नरेंद्रनगर वन प्रभाग में करें शामिल

नई टिहरी संवाददाता. वन विभाग के पुनर्गठन कर मसूरी वन प्रभाग और जौनपुर ब्लॉक में स्थित रेंज कार्यालयों को नरेंद्रनगर वन प्रभाग में शामिल करने पर क्षेत्र के लोगों ने कड़ा विरोध जताया है। क्षेत्र के लोगों ने डीएम को भेजे ज्ञापन में कहा कि जौनपुर ब्लॉक में स्थित सभी रेंज कार्यालय शिफ्ट करने से क्षेत्र के लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने इस मामले में शीघ्र ही वन मंत्री से मुलाकात करने का निर्णय लिया है। नैनगांव के प्रधान विक्रम सिंह चौहान, श्रीकोट के प्रधान दीपेंद्र सिंह बिष्ट, खैराड़ के प्रधान प्रदीप कवि, शरण सिंह पंवार और गंभीर सिंह रावत आदि ने कहा कि जौनपुर ब्लॉक में स्थित बद्रीगाड रेंज, कैंपटी रेंज, देवलसारी रेंज और जौनपुर रेंज को नरेंद्रनगर वन प्रभाग में शामिल करना कतई न्यायोचित नहीं है। उन्होंने कहा कि मांग नहीं मानी गई तो क्षेत्र के लोगों को आंदोलन शुरू करने को मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल वन मंत्री सुबोध उनियाल से भी मिलेगा।

### वन को आग से बचाना है मानव फर्ज निभाना है

नई टिहरी संवाददाता. जंगलों को आग से बचाने के लिए द हंस फाउंडेशन और वन विभाग ने छात्र-छात्राओं के सहयोग से जन जागरुकता रैली निकाली गई। जीआईसी थापला ओण और जूनियर हाईस्कूल वरुणा वैली एकेडमी जखवालगांव के छात्र-छात्राओं ने जखवालगांव बाजार में रैली निकालते हुए जंगल को आग से बचाने की अपील की। इस दौरान छात्रों ने वन को आग से बचाना है मानव फर्ज निभाना है। उन्होंने जंगलों में आग लगने से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया। रैली में प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार शर्मा, डिप्टी रेंजर काशीराम थपलियाल, ब्लॉक समन्वयक मुकेश कुमार, महावीर रांगड़, दिनेश रावत, केदार चौहान, बेताल सिंह पंवार, सुभाष महर और जगपाल सिंह आदि शामिल थे।

### छात्रवृत्ति के लिए नमिता व शालिनी का चयन

पौड़ी संवाददाता. विकासखंड देवप्रयाग के अंतर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमणी गुसाई गांव की दो छात्राओं का राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 के लिए चयन हुआ है। ग्राम पंचायत आमणी निवासी नमिता भट्ट पुत्री दुर्गा प्रसाद भट्ट व ग्राम पंचायत काण्डी गुसाई निवासी शालिनी पुत्री चौतु सिंह का चयन छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। चयनित छात्राओं को केंद्र सरकार की ओर से कक्षा 9 से 12 तक प्रतिमाह 1000 रुपये छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्राओं की सफलता पर प्रधानाचार्य जसपाल सिंह पटवाल, प्रधानाध्यापक शिवप्रसाद भट्ट, एसएमसी की अध्यक्ष सविता भट्ट और एसएमडीसी की अध्यक्ष सविता चंद्र आदि ने दोनों छात्राओं को बधाई दी।

### मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप में 200 बच्चों की हुई जांच

रुद्रप्रयाग संवाददाता. राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अगस्त्यमुनि में ब्लॉक स्तरीय मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कैंप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में लगाया गया जहां 200 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही 14 की अल्ट्रासाउंड व 26 के खून से संबंधित विभिन्न जांच भी की गईं। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव नौटियाल ने 9, सर्जन डॉ. विवेक कुमार ने 15, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने 51, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. शिखा भट्ट ने 31, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. रिद्धा ने 3, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय गोस्वामी ने 38 के अलावा स्त्री रोग विशेषज्ञ ने 53 किशोरियों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश, प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि डॉ. अक्षिता ममगाई, जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु नौडियाल, डॉ. नीरजा बिष्ट और डॉ. कमल आदि मौजूद रहे।

## आईटीआई में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला नौ को

श्रीनगर गढ़वाल संवाददाता. राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) श्रीनगर में 9 फरवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन होगा। मेला सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू होगा। मेले में पौड़ी जिले समेत गढ़वाल मंडल के विभिन्न जनपदों के युवा प्रतिभाग करेंगे। प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने बताया कि मेले में पांचवीं, आठवीं, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को विभिन्न नामी कंपनियों के प्रतिनिधियों के समक्ष साक्षात्कार का अवसर मिलेगा। चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि के लिए अप्रेंटिस के रूप में नियोजित किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप अवधि के दौरान युवाओं को ऑन द जॉब ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी साथ ही शासन की ओर से निर्धारित मानदेय भी दिया जाएगा।

# लव जिहाद का आरोप लगाते हुए हिंदूवादी संगठनों ने कोतवाली घेरी और बाजार बंद करवाया

नैनीताल संवाददाता. /भवाली में किशोरी के गर्भवती होने की सूचना पर लव जिहाद का आरोप लगाते हुए हिंदूवादी संगठनों ने कोतवाली घेरी और बाजार बंद करवाया। सत्रह वर्षीय नाबालिग को गर्भवती बनाने के आरोप में पुलिस ने आरोपी को पोक्सो, रेप और सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।उत्तराखंड पर्यटन गाइड गुरुवार दोपहर भवाली में हिंदूवादी संगठनों ने कोतवाली घेरकर आरोप लगाया कि मुरादाबाद से आए युवक ने स्थानीय किशोरी को बहला फुसलाकर उसके साथ गलत काम किया। संगठक के लोग कोतवाली में कोतवाल व अन्य पुलिस अधिकारियों से लव जिहाद का आरोप लगाते हुए मिले। उन्होंने अपनी नाराजगी दिखाते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।संगठन के लोग जुलूस की शक्ल में भवाली की सड़कों पर



उतरे और नारे लगाते हुए व्यापारियों से बाजार बंद करने का आग्रह किया। धीरे धीरे दुकानों के शटर बन्द होते गए।एस.पी.जगदीश चन्द्र ने बताया कि बीते रोज अस्पताल से जानकारी मिली कि एक नाबालिग, गर्भवती हो गई है। पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया, जिसके बाद कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर युवक को गिरफ्तार कर मैजिस्ट्रेट के आगे प्रस्तुत किया गया। इधर नाबालिग को मैडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ पोक्सो और रेप के साथ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।बताया जा रहा है साहिल नामक आरोपी युवक टैक्सी चलाता है जिसके पिता टेलर मास्टर का काम करते हैं। आरोप है कि साहिल लड़कियों को अपने नाम बदल बदलकर जाल में फंसाता है।

# स्कूटी सवार स्कूटी समेत खाई में जा गिरा

नैनीताल /भवाली मार्ग में पाइंस से कुछ आगे एक स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्कूटी सवार स्कूटी समेत खाई में जा गिरा। जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम लगभग 4 बजे आपदा नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली की पाइंस के समीप एक स्कूटी सवार असंतुलित होकर गहरी खाई में गिर गया है।सूचना के बाद नैनीताल



पोस्ट से उप निरीक्षक मनीष भाकुनी के नेतृत्व में एस.डी.आर.एफ.टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची। घटनास्थल में एस.डी.आर.एफ.ने जिला पुलिस और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर रैस्क्यू अभियान चलाया। रैस्क्यू टीम ने बमुश्किल खाई में गिरे स्कूटी सवार को निकाला।घायल की पहचान पंगोट निवासी 33 वर्षीय कमल सिंह के रूप में की गई है। टीम ने आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की सहायता से घायल को खाई से सड़क तक पहुंचाया। घायल कमल को प्राथमिक उपचार देने के बाद बी.डी. पाण्डे जिला अस्पताल भेजा गया।

## प्रवेश शुल्क के नाम पर अवैध वसूली का आरोप, सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र शर्मा ने नगर पालिका और ठेकेदारों का किया विरोध

रामनगर संवाददाता. रामनगर में प्रवेश शुल्क के नाम पर पर्यटकों से की जा रही वसूली को लेकर विवाद खड़ा हो गया।सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र शर्मा ने नगर पालिका द्वारा लगाए गए प्रवेश शुल्क का विरोध करते हुए इसे अवैध करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका के ठेकेदार पीडब्ल्यूडी और नेशनल हाईवे मार्गों पर भी प्रवेश शुल्क के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं, जो नियमों के विरुद्ध है।नरेंद्र शर्मा ने कहा कि नियमों के अनुसार नगर पालिका केवल अपने नगरीय क्षेत्र की सीमा के भीतर ही प्रवेश शुल्क वसूल सकती है, लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका क्षेत्र से बाहर, राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्य मार्गों पर भी पर्यटकों से शुल्क लिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह न केवल नियमों



का उल्लंघन है, बल्कि इससे शहर की छवि भी धूमिल हो रही है।बताया कि विरोध के दौरान नगर पालिका के अंतर्गत ठेका लिए ठेकेदारों के कर्मचारियों से उनकी तीखी बहस भी हुई,उन्होंने ठेकेदारों पर आरोप लगाया कि वे जबरन शुल्क वसूलकर अतिथि देवो भवः की भावना को तार-तार कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस तरह की वसूली से पर्यटकों में गलत संदेश जा रहा है और पर्यटन पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। नरेंद्र शर्मा ने विशेष रूप से नगर वन क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यह इलाका नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आता, इसके बावजूद वहां भी प्रवेश शुल्क लिया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया

हल्द्वानी संवाददाता. गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में प्रस्तावित क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। क्रिकेट मैच की टीम बेचने के नाम पर आयोजक द्वारा कई राज्यों के लोगों से लाखों रुपये की ठगी किए जाने का आरोप लगा है। इस मामले में हल्द्वानी के प्रमुख व्यवसायी और पूर्व विधायक नारायण पाल भी पीड़ितों में शामिल बताए जा रहे हैं।आरोप है कि टूर्नामेंट के आयोजक विकास ढाका ने म्टब्स के नाम पर क्रिकेट लीग कराने का दावा करते हुए टीम मालिक बनाने, प्रचार और आयोजन की तैयारियों के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूली। बताया जा रहा है कि 3 फरवरी से गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में मैच आयोजित होने थे, लेकिन टूर्नामेंट को लेकर न तो कोई आधिकारिक अनुमति सामने



आई और न ही आयोजन की ठोस तैयारी दिखाई दी।पीड़ितों का कहना है कि आयोजक ने शुरुआत में बड़े स्तर पर टूर्नामेंट कराने का भरोसा दिलाया, लेकिन बाद में लगातार बहाने बनाकर आयोजन टालता रहा। संदेह गहराने पर टीम मालिकों ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस कप्तान डॉ. मंजुनाथ टी.सी. से को शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आयोजक विकास ढाका को पूछताछ के लिए एक होटल से हिरासत में लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि कितने लोगों से कितनी धनराशि ली गई और ठगी का नेटवर्क कितना बड़ा है।पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला फर्जी क्रिकेट टूर्नामेंट के नाम पर धोखाधड़ी का प्रतीत हो रहा है। जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस घटना के बाद खेल आयोजनों के नाम पर हो रही ठगी को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

## रामनगर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

रामनगर संवाददाता. रामनगर में बुधवार देर शाम एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी।बताया जा रहा है कि परिजनों की गैर मौजूदगी में युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में यह कदम उठाया है।जानकारी के अनुसार रामनगर के ग्राम पीरुमदारा के समीप साईं मंदिर के पास किराए के मकान में रहने वाले लेखराज के 21 वर्षीय पुत्र निशांत ने घर के अंदर पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।जब परिजन घर लौटे तो युवक को इस अवस्था



में देख उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में पड़ोसियों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलने पर रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।मृतक के पिता लेखराज ने बताया कि उनका पुत्र नशे का आदी था। उन्होंने कई बार उसे नशे से दूर रहने को कहा लेकिन वह नहीं माना। परिजनों के अनुसार, इसी कारण घर में अक्सर तनाव की स्थिति बनी रहती थी।

## दिनदहाड़े हुई गुंजन की निर्मम हत्या के विरोध में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लखनपुर चुंगी पर जोरदार प्रदर्शन किया

रामनगर संवाददाता. प्रदेश की राजधानी देहरादून के व्यस्त पलटन बाजार में दिनदहाड़े हुई गुंजन की निर्मम हत्या के विरोध में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लखनपुर चुंगी पर जोरदार प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस ने प्रदेश की चरमराई कानून-व्यवस्था के लिए प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और डीजीपी उत्तराखंड का पुतला दहन किया।घ्पुलिस की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि यह हत्या केवल एक अपराधी की क्रूरता नहीं बल्कि उत्तराखंड पुलिस की कार्यप्रणाली पर गहरा धब्बा है। मृतका गुंजन ने अपनी हत्या से दो दिन पूर्व पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। यदि पुलिस समय रहते कार्रवाई करती, तो आज एक बेटी जिंदा होती।उन्होंने घ्गुंजन के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए मामले की सुनवाई फास्ट-ट्रैक कोर्ट में करने की मांग की। उन्होंने कहा



कि लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों को केवल निलंबित नहीं, बल्कि बर्खास्त किया जाए।घ्प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। युवा कांग्रेस द्वारा घ्आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा गया कि यदि आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी सजा नहीं दी गई और पुलिस के सिस्टम में सुधार नहीं हुआ तो युवा कांग्रेस पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा।कहा कि देवभूमि अब अपराधियों की शरण स्थली बनती जा रही है और सरकार केवल इवेंट मैनेजमेंट में व्यस्त है।घ्इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष अमित कुमार, सभासद सलमान सलमानी, सभासद सचिन कुमार,विकाश कुमार आर्य,नितिन शाह,दीपक सिंह रावत, प्रमोद कुमार सोनू तिवारी शेखर चंद्र रोहित नेगी आकाश रावत आदि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक बड़े वित्तीय घोटाले का पुलिस ने खुलासा किया

हल्द्वानी संवाददाता. नैनीताल जनपद में जनता से अधिक ब्याज और गारंटी का लालच देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक बड़े वित्तीय घोटाले का पुलिस ने खुलासा किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर लंबे समय से लंबित मामलों में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।एसएसपी के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी अमित सैनी एवं क्षेत्राधिकारी रामनगर सुमित पांडेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रामनगर सुशील कुमार द्वारा एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।पुलिस ने कोतवाली रामनगर में दर्ज एफआईआर संख्या 246/23, धारा 409 आईपीसी के अंतर्गत वर्ष 2017 से संचालित "देवभूमि बहुदेशीय स्वायत्त सहकारिता" नामक संस्था से जुड़े बड़े निवेश घोटाले का सफल अनावरण किया। जांच में सामने आया कि संस्था ने उत्तराखंड सरकार से पंजीकरण का दावा कर अधिक ब्याज और सुरक्षा की गारंटी देकर अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत, ऊधम सिंह नगर और नैनीताल जनपदों के हजारों भोले-भाले लोगों से निवेश कराया।पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि संस्था के अध्यक्ष हेमचंद पंत और सचिव विकास दुर्गापाल ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर करीब



6 करोड़ 80 लाख रुपये की धनराशि एकत्र की और उसका गबन कर फरार हो गए। जांच के दौरान हल्द्वानी और रामनगर स्थित दोनों शाखाएं बंद पाई गई तथा अभियुक्तों के बैंक खातों में करोड़ों रुपये के लेन-देन की पुष्टि हुई।न्यायालय से वारंट और कुर्की आदेश प्राप्त कर दिल्ली, हरियाणा और लखनऊ सहित कई स्थानों पर दबिश दी गई। आखिरकार 04 फरवरी 2026 को पुलिस टीम ने दोनों मुख्य अभियुक्तों को लालकुआं क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, अभियुक्तों के खिलाफ अन्य थानों में भी धोखाधड़ी और ठगी से जुड़े मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है और जल्द ही और गिरफ्तारियां संभव हैं।आपराधिक इतिहासकोतवाली रामनगर: एफआईआर संख्या 246/23, धारा 409 आईपीसीथाना मुखानी:मु0अ0सं0 181/25, धारा 420 आईपीसी, 3/21 ठन्वै एक्ट, 3 न्च्प्क एक्टमु0अ0सं0 50/23, धारा 420 आईपीसीगिरफ्तार अभियुक्तहेमचंद पंत, पुत्र गोविंद बल्लभ पंत, निवासी हरिपुर नायक, कुसुमखेड़ा, थाना मुखानी, नैनीताल (उम्र 45 वर्ष)विकास दुर्गापाल, पुत्र खिमानंद दुर्गापाल, निवासी देहरिया, कोतवाली हल्द्वानी, नैनीताल (उम्र 41 वर्ष)खातों में डाली गई कुल राशि: 6.84 करोड़ (2.26 करोड़ एवं 4.58 करोड़)गिरफ्तारी टीम दीपक सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपनिरीक्षक, लालकुआं कांस्टेबल आनंदपुरी कांस्टेबल जितेंद्र बिष्ट इस सफल कार्रवाई पर एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी ने पुलिस टीम को 2500 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई

रामनगर संवाददाता. कार्बेट पार्क में गुरुवार को पर्यटकों के मोबाइलों को प्रतिबंध करने की तैयारियां पिछले एक सप्ताह से चल रही थी। बताया कि वन्यजीवों के दिखने पर पर्यटकों के फोटो खींचने के लिए करीब जाने व बाघ के दिखने पर दूसरे पर्यटकों को मोबाइल से जानकारी देने के कई मामले सामने आए थे। उन्होंने बताया कि बिजरानी, ढेला, झिरना, गर्जिया, ढिकाला, दुगादेवी आदि के प्रवेश द्वार पर 30-30 से अधिक लॉकर बनाए गए हैं। कई लकड़ी के बॉक्स भी रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि डे विजिट में जंगल सफारी करने वाले पर्यटक प्रवेश द्वार पर बनाए गए लॉकर में मोबाइल रखकर चाबी अपने साथ ले जाएंगे। जबकि रात्रि विश्राम के लिए जाने वाले पर्यटकों के मोबाइल को लकड़ी के बॉक्स में प्रवेश द्वार पर ही रखकर लॉक किया जाएगा। बॉक्स को नेचर गाइड की देखरेख में गेस्ट हाउस में ले जाकर पर्यटकों को मोबाइल दिया जाएगा। गेस्ट हाउस में ही पर्यटक मोबाइल का इस्तेमाल कर सकेंगे। जंगल सफारी के दौरान उन्हें दोबारा से बॉक्स में मोबाइल को रखकर लॉक कर जाना होगा। पार्क के डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। पर्यटकों पर नजर पूरी तरह से नजर रखी जाएगी।

## अंकिता न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच द्वारा आयोजित महापंचायत में आम जनता से शामिल होने का आह्वान किया

रामनगर संवाददाता. महिला एकता मंच ने अंकिता भंडारी की हत्या में शामिल वीआईपी का नाम उजागर करने, महिलाओं की सुरक्षा देने, जंगली जानवरों से इंसानों फसलों और मवेशियों की सुरक्षा आदि मांगों को लेकर 8 फरवरी को देहरादून परेड ग्राउंड में अंकिता न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच द्वारा आयोजित महापंचायत में आम जनता से शामिल



होने का आह्वान किया है महापंचायत को सफल बनाने के लिए रामनगर में व्यापक जन संपर्क अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान सरस्वती जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में महिलाएं और आम जनता की कोई सुरक्षा नहीं है। एक तरफ समाज के वहशी दरिंदे महिलाओं का यौन उत्पीडन कर रहे हैं तो दूसरी तरफ जंगली जानवर आम इंसानों पर हमले कर रहे हैं और भाजपा सरकार जनता को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हो रही है। कौशल्या ने कहा कि हालात इतने खराब है कि देहरादून में गुंजन के परिजन रिपोर्ट लिखवाने थाने जाते हैं लेकिन पुलिस उनकी रिपोर्ट ही दर्ज नहीं करती, जिसके परिणाम स्वरुप देहरादून में दिनदहाड़े गुंजन की हत्या हो जाती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा उत्तराखंड ही नहीं बल्कि देश में एक अहम सवाल बन चुका है। जिस पर सभी को एकजुट होकर आगे आने की जरूरत है।इस दौरान जनसंपर्क कार्यक्रम में उषा पटवाल, धना तिवारी, दुर्गा देवी, कुसुम, ललित उप्रेती, किसन शर्मा, मुनीष कुमार, परवीन सैनी समेत दर्जनों लोग शामिल हुए।

## जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सख्त निर्देश जारी किए

नैनीताल /हल्द्वानी/संवाददाता. जनपद में खनिज परिवहन के दौरान बढ़ते धूल प्रदूषण, सड़क दुर्घटनाओं और जनस्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब जिले में संचालित सभी स्टोन क्रशर इकाइयों से जुड़े खनिज



परिवहन वाहन बिना ढके नहीं चल सकेंगे।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि खनिज सामग्री का परिवहन मजबूत तिरपाल से पूरी तरह ढककर ही किया जाएगा। खुले में खनिज परिवहन पाए जाने पर संबंधित वाहन स्वामी और इकाई के खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।सुरक्षा और पर्यावरण दोनों पर फोकसजिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी स्टोन क्रशर परिसरों में धूल नियंत्रण के लिए नियमित जल छिड़काव अनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही खनिज परिवहन में लगे प्रत्येक वाहन में सभी सुरक्षा उपकरण कार्यशील अवस्था में होने चाहिए, जिनमें;फ्रंट व रियर रिफ्लेक्टर, टेल लाइट , पार्किंग लाइट, ब्रेक लाइट, इंडिकेटर, रेट्रो-रिफ्लेक्टिव नंबर प्लेट शामिल हैं।निर्देशों का उल्लंघन करने पर चालान, वाहन निरूद्धीकरण और अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## एमबीबीएस छात्रों ने आंचल डेयरी में समझी दुग्ध प्रसंस्करण की वैज्ञानिक प्रक्रिया

अल्मोड़ा संवाददाता. सोबन सिंह जीना गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च के एमबीबीएस बैच 2023 के विद्यार्थियों को सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से शैक्षणिक भ्रमण के तहत अल्मोड़ा स्थित आंचल डेयरी का भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को दूध के संग्रह, गुणवत्ता मूल्यांकन और प्रसंस्करण की वैज्ञानिक प्रक्रिया से व्यावहारिक रूप से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को डेयरी में दूध की गुणवत्ता जांच, फैट और एसएनएफ परीक्षण, पाश्चुरीकरण, होमोजेनाइजेशन, पैकेजिंग तथा सुरक्षित भंडारण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

## भाजयुमो अल्मोड़ा नगर मंडल की कमान नीरज सांगा को

अल्मोड़ा संवाददाता. भारतीय जनता युवा मोर्चा ने अल्मोड़ा नगर मंडल अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। पार्टी जिला अध्यक्ष महेश नयाल की संस्तुति पर नीरज सांगा को अल्मोड़ा नगर मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका, कार्यक्षमता और युवाओं के बीच प्रभावी पकड़ को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। नीरज सांगा की नियुक्ति पर पार्टी और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्हें बधाई देने वालों में विधायक मोहन सिंह मेहरा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल, ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि रौतेला, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज भाकुनी, भाजपा महानगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नवीन बिष्ट और हवालबाग मंडल अध्यक्ष संजय बिष्ट शामिल रहे।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# मैं फेल हो सकती हूं, मगर हार नहीं मानूंगी : पायल राजपूत

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। नेपोटिज्म जैसे गंभीर मुद्दों पर पायल अक्सर अपने राय रखती रहती हैं। इससे पहले भी उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया और फिल्म इंडस्ट्री में भाई-भतीजावाद और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की थी। उन्होंने लिखा था कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है। हर दिन अनिश्चितता के साथ शुरू होता है, जहां टैलेंट से ज्यादा विशेषाधिकार और कनेक्शन हावी हो जाते हैं।पायल ने बताया था कि कई बार उन्हें शक होता है कि उनकी मेहनत और लगन ऐसी दुनिया में नोटिस होगी भी या नहीं। मौके अक्सर मशहूर सरनेम या पावरफुल एजेंट वाले लोगों के पास चले जाते हैं। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और टैलेंट पर भरोसा रखा।फिलहाल पायल कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह तेलुगू फिल्म वेंकटलक्ष्मी में नजर आने वाली हैं, जिसे मशहूर डायरेक्टर मुनि बना रहे हैं। मेकर्स इस फिल्म को तेलुगू, तमिल और हिंदी में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, पायल के पास एक और तमिल फिल्म है। अनटाइटल्ड फिल्म एक बड़े बजट का प्रोजेक्ट है, जिसे जाने-माने डायरेक्टर आर.एस. दुरई सेंथिलकुमार डायरेक्ट कर रहे हैं।शूटिंग का पहला फेज चेन्नई में पूरा हो चुका है। जानकारी के अनुसार यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक रोमांचक एक्शन-ड्रामा है। संगीत जिब्रान दे रहे हैं, सिनेमैटोग्राफी एस. वेंकटेश की है, एडिटिंग प्रदीप कर रहे हैं और आर्ट डायरेक्शन दुरईराज संभाल रहे हैं।



## धुरंधर: द रिवेंज टीजर रिलीज, ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी, रणवीर सिंह का दिखा रहमान डकैत अंदाज

रणवीर सिंह और आदित्य धर की एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ी की पहली हिट फिल्म धुरंधर की कामयाबी के बाद फिल्म के दूसरे पार्ट धुरंधर: द रिवेंज का सभी को बेसब्री से इंतजार है. धुरंधर: द रिवेंज का टीजर रिलीज हो गया है. धुरंधर: द रिवेंज के टीजर ने बता दिया है कि धुरंधर की तरह धुरंधर: द रिवेंज भी बॉक्स ऑफिस बवाल मचाने वाली है. बीती 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 1300 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया था. अब धुरंधर: द रिवेंज बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल करेगी इसका इंतजार रहेगा. इससे पहले देखते हैं ध ुरंधर: द रिवेंज का दमदार टीजर.



धुरंधर: द रिवेंज के टीजर ने दर्शकों के हिलाकर रखने का काम किया है. धुरंधर: द रिवेंज के टीजर ने बताया है कि बॉक्स ऑफिस पर उसके सामने कोई भी फिल्म आ जाए, वह अपनी जीत सुनिश्चित करके रहेगी. धुरंधर: द रिवेंज का टीजर 1.12 मिनट का है, जिसमें रणवीर सिंह मारकाट और गोलीबारी करते दिख रहे हैं. इसमें रणवीर सिंह दो किरदारों में एक मिशन पूरा करते दिख रहे हैं. टीजर में रहमान डकैत भी दिख रहा है. वहीं, इस टीजर को शेयर कर मेकर्स ने लिखा है, यह नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी.धुरंधर: द रिवेंज की रिलीज का इंतजार ज्यादा लंबा नहीं है. फिल्म अगले महीने मार्च की 19 तारीख को रिलीज हो रही है. आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म में रणवीर सिंह के साथ-साथ संजय दत्त, अर्जुन रामपाल और आर माधवन एक बार फिर नजर आएंगे. वहीं, पार्ट 1 में मर चुके रहमान डकैत (अक्षय खन्ना) का फ्लैश बैक नजर आने वाला है. दर्शक अब पाकिस्तान के लयारी में हमजा अली (रणवीर सिंह ) का दबदबा देखने जा रहे हैं.बता दें, 19 मार्च 2026 को इंडिया ही नहीं बल्कि वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर साल 2026 का अब तक का सबसे बड़ा क्लैश देखने को मिलेगा. दोनों ही फिल्म के मेकर्स ने पीछे ना हटने की कसम खा ली है. लेकिन इससे दोनों ही फिल्मों की कमाई पर बहुत बुरा असर जरूर पड़ने वाला है. क्योंकि धुरंधर की ऑडियंस तैयार बैठी है और इधर यश पूरे चार साल बाद कोई फिल्म ला रहे हैं. ऐसे में दोनों ही फिल्में दर्शकों के लिए जरूरी हो गयी हैं.

## अनिल कपूर ने मिलाया जूनियर एनटीआर से हाथ, दुनिया देखेगी 2 धुरंधरों का कमाल

बॉलीवुड में अनिल कपूर और साउथ में जूनियर एनटीआर का जलवा किसी से छिपा नहीं है। दोनों सितारे साथ में फिल्म करने वाले हैं, इस खबर



ने अभी से लोगों की खुशी सांतवें आसमान पर पहुंचा दी है। वैसे यह पहला मौका नहीं है जब अनिल और एनटीआर एक फिल्म में नजर आएंगे। दोनों को वॉर 2 में देखा गया था। बड़ी खबर है कि एनटीआर की बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म ड्रैगन में, अनिल शामिल हो गए हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रैगन की शूटिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही है जिसमें अफ्रीका और अन्य विदेशी शहर शामिल हैं। अनिल के फिल्म से जुड़ने और शुरुआती कास्टिंग से पता चला है कि अन्य भारतीय कलाकार भी इस परियोजना का हिस्सा बन सकते हैं। हालांकि, निर्माता अभी भी स्क्रिप्ट को आखिरी प्रारूप देने में लगे हैं। निर्देशन की जिम्मेदारी प्रशांत नील ने संभाली है जो पूर्व में, सालार और केजीएफ फ्रैंचाइजी बनाकर दिल जीत चुके हैं।रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि ड्रैगन में अनिल को खलनायक या सहायक किरदार के रूप में देखा जा सकता है। फिलहाल तो उनकी और एनटीआर की फिल्म में एक साथ उपस्थित ने लोगों की उम्मीदों को बढ़ा दिया है। यह एक पैन इंडिया फिल्म होने वाली है जिसे कई भाषाओं के साथ दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। हालांकि निर्माताओं की तरफ से आधिकारिक रिलीज तारीख का ऐलान होना बाकी है।

## पेचिदा मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे मोना सिंह-बरुण सोबती, रिलीज हुआ कोहरा 2 का जबरदस्त ट्रेलर

**नेटफ्लिक्स की क्रिटिक्स द्वारा सराहे गए इन्वेस्टिगेटिव क्राइम ड्रामा, श्कोहरा्र का दूसरा सीजन अब कमबैक कर रहा है. पुलिस के किरदारों में बरुण सोबती और मोना सिंह एक सनसनीखेज मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करते नजर आएंगे. फिलहाल मेकर्स ने कोहरा 2 का ट्रेलर रिलीज किया है जो जबरदस्त है. ट्रेलर देखने के बाद फैंस सीरीज की रिलीज का इंतजार नही कर पा रहे हैं.पहले सीजन की सक्सेस के बाद, कोहरा सीजन 2 को लेकर एक्साइटमेंट भी कई गुना बढ़ गई है। वहीं मेकर्स ने इसका धांसू ट्रेलर जारी कर दिया है। 2 मिनट 13 सेकंड का यह क्लिप सब-इंस्पेक्टर धनवंत कौर (मोना सिंह स्टारर) को यह बताए जाने के साथ शुरू होता है कि वह एक नए केस की जांच कर रही हैं. वह अपने साथी, पुलिस के असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर**



**अमरपाल जसजीत गरूंडी (बरुण सोबती द्वारा अभिनीत) को प्रीत बाजवा के मर्डर वाली जगह पर ले जाती हैं, बिना रुके, पुलिस केस की जांच शुरू करती है, पहले प्रीत के भाई से पूछताछ करती हैजैसे-जैसे दोनों अधिकारी मामले की गहराई में जाते हैं, जांच न केवल शहर के रहस्यों को उजागर करना शुरू कर देती है, बल्कि उनकी अपनी पर्सनल कमजोरियों का भी खुलासा करती जाती है. जैसे-जैसे आधिकारिक प्रक्रियाएं आगे बढ़ती हैं, संदिग्धों की सूची लगातार बढ़ती जाती है, जिसमें पीड़ित का पति भी शामिल है, जिसे रणविजय सिंघा ने निभाया है, जबकि उसका भाई, जिसका किरदार अनुराग अरोड़ा ने निभाया है, खुद को मामले में और गहराई से फंसा हुआ पाता है. ओवरॉल ट्रेलर देखने के बाद कोहरा का सीजन 2 काफी जबरदस्त लग रहा है.कोहरा सीजन 2 नेटफ्लिक्स पर 11 फरवरी को प्रीमियर होने वाला है. यह सीरीज एक्ट थ्री के साथ मिलकर ए फिल्म स्क्वाड प्रोडक्शन के बैनर तले बनाई गई है, जिसमें सौरभ मल्होत्रा, सुदीप शर्मा, मनुज मित्रा और टीना थारवानी प्रोड्यूसर हैं. डायरेक्शन का काम सुदीप शर्मा और फैसल रहमान ने संभाला है, जबकि यह सीरीज गुंजित चोपड़ा, डिग्गी सिसोदिया और सुदीप शर्मा ने बनाई और लिखी है. मोना सिंह और बरुण सोबती के साथ, कास्ट में रणविजय सिंघा, पूजा भमर्रा, अनुराग अरोड़ा और प्रेरक मेहता भी शामिल हैं।**

# मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों में प्रभारी सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार का रुद्रप्रयाग जनपद दौरा

**- कमेड़ा में लगा "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" बहुउद्देशीय शिविर, 35 में से 20 समस्याओं का मौके पर समाधान, शेष पर समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश**

**- अब आम जनमानस की शिकायत नहीं भटकेगी, शिविरों में मिलेगा समाधान : डॉ. आर. राजेश कुमार**



देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के क्रम में आम जनमानस तक केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रदेशभर में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी सचिव रुद्रप्रयाग डॉ. आर. राजेश कुमार ने जनपद का दौरा कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन के कुशल नेतृत्व में जनपद की 27 न्याय पंचायतों में चरणबद्ध रूप से बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 05 फरवरी 2026 को न्याय पंचायत सतेराखाल के अंतर्गत ग्राम कमेड़ा में "प्रशासन गांव की ओर" बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रभारी सचिव रुद्रप्रयाग डॉ. आर. राजेश कुमार ने की।स्टॉलों का निरीक्षण, लाभ मौके पर देने के निर्देश: प्रभारी सचिव ने शिविर स्थल पर पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि पात्र लोगों को तत्काल लाभ पहुंचाना है।एक ही स्थान पर मिली योजनाओं की सुविधा: शिविर में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, कृषि, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, उद्योग, समाज कल्याण, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य विभाग (आयुष्मान आरोग्य शिविर), राजस्व विभाग, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास, पूर्ति विभाग सहित अनेक विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।पेंशन, आयुष्मान और प्रमाण पत्र की सेवाएं मौके पर : शिविर में वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान भारत योजना, राशन कार्ड, आधार से संबंधित सेवाएं, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, समान नागरिक संहिता पंजीकरण, राशन कार्ड ई-केवाईसी, एलपीजी केवाईसी, स्वरोजगार एवं आजीविका योजनाओं सहित अनेक सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को एक ही स्थान पर प्रदान किया गया, जिससे उन्हें विभागीय कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े।जनसुनवाई में सामने आई 35 समस्याएं : शिविर के दौरान आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों द्वारा कुल 35 समस्याएं रखी गईं। इनमें से 20 समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए।पेयजल, सड़क और बिजली की समस्याएं प्रमुख: ग्रामीणों ने तल्ला नागपुर पेयजल पंपिंग योजना से पर्याप्त जलापूर्ति न होने, कमेड़ा के आंतरिक क्षेत्रों में पेड़ों से घरों को नुकसान की आशंका के कारण पेड़ कटान, खराल तोक से क्यार्क तक पैदल मार्ग निर्माण, सड़क मरम्मत, सोलर लाइट स्थापना, राशन कार्ड, विद्युत आपूर्ति, आवास, सड़क डामरीकरण, पेयजल व्यवस्था, मुआवजा और गौशाला से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। ग्राम प्रधान ऊषा देवी ने खराल, चांदियूं एवं गढ़धार क्षेत्र को नगर पालिका में सम्मिलित न करने का अनुरोध किया। वहीं ग्रामीण उमाशंकर सेमवाल ने लोक निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहित भूमि का मुआवजा न मिलने की शिकायत दर्ज कराई।मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे प्रभारी सचिव: इस अवसर पर प्रभारी सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और वे मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में यहां उपस्थित हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन समस्याओं के समाधान के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है, उनका निस्तारण तय समय में सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। ग्रामीणों से भी फॉलोअप की अपील : प्रभारी सचिव ने ग्रामीणों से भी आग्रह किया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान का नियमित फॉलोअप लेते रहें और किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर प्रशासन को अवगत कराएं।

## मंत्री गणेश जोशी ने की मसूरी की पार्किंग व्यवस्था एवं वेंडर जोन निर्माण को लेकर बैठक

देहरादून संवाददाता. कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज अपने शासकीय आवास में मसूरी की पार्किंग व्यवस्था एवं वेंडर जोन निर्माण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, एसडीएम मसूरी राहुल आनंद, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन सहित जिला प्रशासन एवं नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मसूरी में पार्किंग समस्या तथा वेंडर जोन से संबंधित सभी कार्यों की कागजी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका और प्राइवेट प्लेयर के सहयोग से मसूरी में जल्द ही वेंडर जोन एवं पार्किंग का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी राहत मिलेगी। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मसूरी की प्रमुख सड़कों का भी शीघ्र जीर्णोद्धार किया जाएगा, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और पर्यटन को बढ़ावा मिले। उन्होंने इस संबंध में जिला प्रशासन एवं नगर पालिका के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन पर सख्ती, निजी वाहनों के सत्यापन के निर्देश

देहरादून संवाददाता. राज्य में स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन को लेकर उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना की अध्यक्षता में गुरुवार को इस विषय पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोग कार्यालय में हुई। आयोग अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने कहा कि कई ऐसे निजी वाहन, जैसे वैन, ऑटो, ई-रिक्शा व विक्रम स्कूलों द्वारा अधिकृत किए बिना बच्चों को लाने-ले जाने का कार्य कर रहे हैं, जो सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर विषय है। ऐसे सभी निजी वाहनों को आरटीओ से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने, उनका नियमित सत्यापन कराने तथा ड्राइवरों का पूरा विवरण और मानसिक स्थिति की जांच रिपोर्ट स्कूलों में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निजी स्कूल वाहनों की पहचान के लिए 'येलो स्ट्रिप' लगाने का सुझाव भी दिया, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि वाहन में स्कूली बच्चे यात्रा कर रहे हैं। साथ ही कहा गया कि प्रत्येक स्कूल के पास यह रिकॉर्ड होना चाहिए कि उसके छात्र किस परिवहन माध्यम से स्कूल आते-जाते हैं। बैठक में जनपद बागेश्वर की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए अन्य जनपदों को उसी तर्ज पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। आयोग ने सभी जनपदों से आ रही चुनौतियों और सुझावों को साझा करने को भी कहा। अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि स्कूल बसों को एक्सीडेंट रिलीफ फंड से आच्छादित किया जाए तथा बड़े स्कूलों को अपने परिसर में पार्किंग की अनिवार्य व्यवस्था करनी होगी, ताकि सड़कों पर जाम और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। खनन से जुड़ी भारी गाड़ियों के संचालन को स्कूल समय से समन्वित करने पर भी जोर दिया गया।

## पटरी व्यवसायी महिला के निधन पर श्रद्धांजलि दी

देहरादून संवाददाता. रेहड़ी पटरी कमजोर वर्ग जनकल्याण समिति ने शहीद स्थल झूलाघर पर पीड़ित पटरी व्यवसायी महिला रीता माहेश्वरी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया। उनकी मौत का जिम्मेदार नगर पालिका को ठहराया। कांग्रेस नेत्री सोनिया आंनद रावत ने रीता माहेश्वरी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि रेहड़ी पटरी वालों की इस तरह मृत्यु हो जाना दुःखदायी है। रीता कड़ाके की ठंड के बावजूद वह पटरी लगा रही थी जिससे उसकी तबियत खराब हुई। इससे पहले भी एक पटरी वाली महिला की मृत्यु हो चुकी है।संगीता की धरना देते समय तबियत खराब हो गयी थी, उसके बावजूद भी नगर पालिका उनका उत्पीड़न कर रही है। सरकार को इनके लिए उचित व्यवस्था बनानी होगी।कहा कि इस तरह की तानाशाही ज्यादा दिन नहीं चलेगी। मालरोड की रौनक पटरी वालों के हटने से समाप्त हो गयी। अगर पालिका ने सुध नहीं ली तो यह चिंता का विषय है अगर आवाज नहीं उठायी गयी तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। इसके लिए नगर पालिका दोषी है, उनको रास्ता निकालना चाहिए।शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि पटरी वालों को आंदोलन स्वरोजगार के लिए था।

## छत पर कपड़े सूखा रही महिला के घर में दिन दहाड़े लाखों की चोरी

देहरादून संवाददाता. छत पर कपड़े सूखाने गई महिला के घर में दिन दहाड़े चोरी हो गई। घर के प्रवेश गेट की कुंडी लगी थी। चोरों ने उसे खोलकर वारदात को अंजाम दिया। बीते 20 जनवरी को हुई घटना में पीड़ित को लंबे चक्कर कटाने के बाद बुधवार को शहर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। नेताजी मोहल्ला निवासी सुशील कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चोरी की यह घटना बीते 20 जनवरी की दोपहर को हुई। उस वक्त उनकी पत्नी सपना गुप्ता घर पर अकेली थीं। दोपहर करीब दो बजे वह नीचे के दरवाजे पर कुंडा लगाकर छत पर कपड़े सुखाने चली गईं।

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक संजीव पंत द्वारा 19.सी, सुभाष रोड, पैसेफिक होटल के पीछे डूंगा हाउस देहरादून से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन्स डी-2, शिवलोक कालोनी लाडपुर, ब्लॉक रायपुर काली मन्दिर के पास, देहरादून से मुद्रित। सम्पादक - संजीव पंत , फोन नं0- 0135-2712118 , प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/33537 email: jokhimdehradun2006@gmail.com
ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़नें के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com